<u>परामर्शदाता – एमआईएस</u>

सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ बनाने हेतु राज्यों को तकनीकी सहायता एवं क्षमता विकास में सहयोग प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत एक स्वायत्त पंजीकृत सोसायटी के रूप में राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) का गठन किया गया है।

नेशनल हेल्थ सिस्टम्स रिसोर्स सेंटर (एनएचएसआरसी), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से परामर्शदाता– एमआईएस पद के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन पत्र आमंत्रित करता है।

कार्य का ब्यौराः

- तिमाही प्रकाशन के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से एमआईएस रिपोर्टों का संग्रह, समेकन और विश्लेषण।
- आउटकम बजट और रिजल्ट फ्रेमवर्क डाक्यूमेन्ट (आरएफडी) लक्ष्यों एवं उपलब्धियों के लिए रिपोर्ट तैयार करना।
- विभिन्न सूचकों और जरूरतों, राज्यों की प्रगति रिपोर्टों का उपयोग करते हुए जिलों एवं राज्यों के लिए कार्रवाई अभिमुख निगरानी की योजना बनाना।
- एमआईएस के नए प्रारूप को तैयार करना और एमआईएस प्रकाशन में सहयोग करना।
- रिसोर्स दस्तावेज की तैयारी के लिए तकनीकी जानकारी प्रदान करना।
- समय–समय पर सौंपे गए कोई अन्य कार्य।

योग्यताः
शैक्षणिक योग्यताः
स्वास्थ्य प्रबंध/सामाजिक विज्ञान/स्वास्थ्य से जुड़े क्षेत्र में स्नातकोत्तर उपाधि

अनुभवः
एमएस ऑफिस के पर्याप्त ज्ञान और कार्य अनुभव के साथ डेटा हैंडलिंग/डेटा विश्लेषण में दो वर्षों का अनुभव

आयु सीमाः अधिकतम 35 वर्ष

पद की संख्याः एक (1)

केवल निर्धारित ऑनलाइन आवेदन फार्म में ही आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। आवेदन, दिनांक **13-Oct-2015** को **अपराह्न 4 बजे तक** पहुंच जाने चाहिए।